# विशेष रिपोर्ट

# मसाले

## अप्रैल 2023

18 अप्रैल 2023




Moneywise. Be wise.

# हल्दी

मार्च–23 में घरेलू बाजारों के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सुस्त मांग को देखते हुए हल्दी वायदा की कीमतों में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में आवक शुरू होने और स्टॉकिस्टों के पास हल्दी के भारी स्टॉक से बाजार का सेंटीमेंट प्रभावित हुआ है। हल्दी की कीमतें, जो फरवरी–23 में 7200 पर चल रही थीं, वह मांग की चिंताओं के कारण मार्च–23 में गिरकर 6600 के स्तर पर आ गईं। महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में हल्दी की खेती के रकबे में गिरावट के बावजूद, मांग की चिंताओं के कारण कीमतों पर दबाव बना रहा क्योंकि मिलों और स्टॉकिस्टों के पास भारी स्टॉक होने के कारण वे थोक खरीद से दूर रहे। पिछले साल की तुलना में अप्रैल में हल्दी की कीमतों में गिरावट हुई है लेकिन कीमतें 5 साल के औसत की तुलना में यह अधिक है।

**एनसीडीईएक्स पर हल्दी की कीमतें**




## आउटलुक


आवक में वृद्धि के कारण हल्दी (मई) वायदा में साइडवेज कारोबार होने की संभावना है। विशेष रूप से महाराष्ट्र में आवक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे कीमतों में अत्यधिक बढ़त पर रोक लग सकती है। महाराष्ट्र और तेलंगाना में आवक जोरों पर है लेकिन पिछले साल की तुलना में कम दर्ज की गई है। बाजार पिछले सत्र के भारी स्टॉक के साथ चल रहा है जिससे बाजार का सेंटीमेंट कमजोर रह सकता है। स्टॉकिस्ट इंतजार करने और देखने के मूड में हैं और बाजार में पर्याप्त आपूर्ति के मद्देनजर कीमतों में अधिक गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन, महाराष्ट्र में रकबे में गिरावट के कारण वर्ष 2023 में कुल उत्पादन 5%–6% कम होने का अनुमान है। इसके अलावा, फसल के प्रारंभिक चरण में बेमौसम बारिश ने उपज में बाधा उत्पन्न की। हल्दी के निर्यात से पता चलता है कि आने वाले महीनों में निर्यात बढ़ने की उम्मीद है जिससे कीमतों में बड़ी गिरावट पर रोक लग सकती है।

तकनीकी रूप से, कीमतें 200 दिनों के मूविंग एवरेज से नीचे चल रही हैं जिससे पता चलता है कि हल्दी में कुल मिलाकर नरमी का रूझान है। लेकिन, अल्पावधि में कुछ रुक–रुक कर रिकवरी की उम्मीद है क्योंकि स्टोकेस्टिक आरएसआई ओवरसोल्ड क्षेत्र में बढ़ रहा है। कुल मिलाकर हल्दी की कीमतें 6200–7400 के दायरे में कारोबार कर सकती है।



# जीरा

प्रमुख उत्पादक राज्यों में उपज नुकसान के डर से मार्च-23 में जीरा वायदा की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। पाइपलाइन में कम स्टॉक और बेमौसम बारिश के कारण गुजरात और राजस्थान में देरी से कटाई की खबरों के कारण भी जीरा काउंटर में तेजी को मदद मिली। जीरा की कीमतों में 23% की वृद्धि हुई और यह 36415 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।




## आउटलुक

बेमौसम बारिश के कारण गुजरात और राजस्थान में कटाई गतिविधियों में व्यवधान के कारण जीरा वायदा की कीमतों में तेजी बरकरार रहने की संभावना है। बेमौसम बारिश के कारण कटाई गतिविधियों में देरी हुई और उपज में भी बाधा आई। बेमौसम बारिश के कारण गुजरात और राजस्थान में फसल के नुकसान की रिपोर्ट से जीरा के उत्पादन में कमी आएगी। कम रकबे और उपज के नुकसान के कारण गुजरात में कुल उत्पादन कम होने की संभावना है। बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति बढ़ने से जीरे की मौसमी निर्यात मांग बढ़ने की उम्मीद है। फेडरेशन ऑफ इंडियन स्पाइसेस स्टेकहोल्डर ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2023 में कुल उत्पादन में साल-दर-साल 28% की वृद्धि होने का अनुमान है, लेकिन प्रमुख उत्पादक राज्यों में फसल क्षति के कारण इसमें कमी हो सकती है। कीमतों को 33000 के पास सपोर्ट रहने की संभावना है और यह 39000 की ओर बढ़ सकती है।

तकनीकी रूप से जीरा की कीमतें अभी भी 200 मूविंग एवरेज से ऊपर जा रही हैं जो जीरा की कीमतों में तेजी को दर्शाता है। कीमतें 36000 के सपोर्ट स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है और आने वाले दिनों में धीरे-धीरे बढ़कर 45000 तक पहुंचने की संभावना है।






smc
Moneywise. Be wise.

# धनिया

वर्ष 2023 में उच्च उत्पादन अनुमान के कारण मार्च-23 में धनिया की कीमतों में गिरावट हुई। रूस से आयात में वृद्धि और स्टॉकिस्टों के पास भारी स्टॉक होने के कारण घरेलू बाजार में धनिया की मांग कमजोर रही। धनिया की कीमतों में अप्रैल-22 में दर्ज 13000 के उच्च स्तर से 45% से अधिक की गिरावट हुई है।

**धनिया की कीमतें**




## आउटलुक

प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर बढ़ते आवक दबाव के कारण धनिया वायदा (मई) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार करने की संभावना है। मिलें और स्टॉकिस्ट कीमतों में अधिक गिरावट की उम्मीद में थोक खरीद से परहेज कर रहे हैं। धनिया का कुल उत्पादन लगभग 18%-20% अधिक होने का अनुमान है जो अधिक आपूर्ति की संभावना के कारण कीमतों की बढ़त कम हो सकती है। लेकिन, मार्च-23 में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण राजस्थान में उपज के नुकसान के मद्देनजर नुकसान सीमित होने की संभावना है। राजस्थान में हाल ही में फसल क्षति के कारण कुल उत्पादन में कमी की संभावना है।

तकनीकी रूप से, कीमतों को 6100-6000 के स्तर के पास सपोर्ट मिलने की संभावना है और उन स्तरों से ऊपर की ओर रिकवरी देखी जा सकती है। कीमतों को 7500 पर रेजिस्टेंस बरकरार रहने की संभावना है।



| | | | |
|---|---|---|---|
| वंदना भारती | एवीपी कमोडिटी रिसर्च | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625 | **vandanabharti@smcindiaonline.com** |
| रवि पाण्डेय | सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674 | **ravi16@smcindiaonline.com** |
| शिवानन्द उपाध्याय | रिसर्च एसोसिएट | फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646 | **shivanand@smcindiaonline.com** |

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

Moneywise. Be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।